फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

93, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001

तारीख:15.06.2022

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में मई, 2022 माह के लिए मासिक सार।**

मुझे इसके साथ मई, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की प्रति भेजने का निदेश हुआ है।

ह./-
(किरण कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23034467

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:-

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उप-राष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**<u>भारत सरकार</u>**

**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: मई, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय का मासिक सार।**

## 1. <u>माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां</u>

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

वर्ष 1956 से अप्रैल, 2022 तक लोक सभा के संबंध में कुल 98127 आश्वासन और राज्य सभा के संबंध में कुल 57503 आश्वासन निकाले गए। इनमें से लोक सभा के संबंध में 1212 आश्वासन और राज्य सभा के संबंध में 743 आश्वासन लंबित हैं।

मई, 2022 मास के दौरान, 66 आश्वासन लोक सभा की कार्यवाहियों में से और 24 आश्वासन राज्य सभा की कार्यवाहियों में से निकाले गए।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन**

संसद सदस्यों को सरकार के कार्यचालन की कुछ झलक प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों हेतु अनौपचारिक परामर्शदात्री समितियों का गठन पहली बार वर्ष 1954 में किया गया था। इन समितियों की प्रकृति केवल परामर्श देने की है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालयों के लिए 39 परामर्शदात्री समितियां कार्य कर रही हैं।

मई, 2022 माह के दौरान:-

क॰ परामर्शदात्री समितियों की 2 बैठकें आयोजित की गईं।
ख॰ 8 संसद सदस्यों के नाम उनके निधन/सेवानिवृत्ति के पश्चात विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से हटाए गए।

उपरोक्त से संबंधित विवरण अनुबंध में दिया गया है

- **लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

मई, 2022 के अंत तक संसद के दोनों सदनों में उठाए गए विभिन्न मामलों और दिए गए उत्तरों की स्थिति:

| | लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत उठाए गए मामले | राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामले |
|---|---|---|
| 1.5.2022 को लंबित मामले | 422 | 246 |
| मई, 2022 के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल लंबित मामले | 422 | 246 |
| मई, 2022 के दौरान प्राप्त उत्तर | 155 | 054 |
| शेष मामले | 267 | 192 |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करना**

माह के दौरान राष्ट्रीय युवा संसद स्कीमों में प्रतिभागिता हेतु 86 विद्यालयों के पंजीकरणों की समीक्षा की गई और इनमें से 27 विद्यालयों के पंजीकरणों को अनुमोदित किया गया। शेष 59 विद्यालयों से पंजीकरण के लिए अतिरिक्त सूचना मांगी गयी है। माह के दौरान, 1408 प्रमाणपत्र जारी किए गए।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

मई, 2022 माह के दौरान:

**1. उत्तर प्रदेश विधान सभा का डिजिटलीकरण**

क) उत्तर प्रदेश विधान सभा ने सदन के अंदर डिजिटलीकरण के लिए नेवा को अपनाया और अपने बजट सत्र 2021 को नेवा के माध्यम से पेपरलेस मोड में आयोजित किया। उत्तर प्रदेश विधान सभा ने 26 मई 2022 को वित्तीय वर्ष 2022-23 का अपना बजट पूर्ण डिजिटल मोड में नेवा का उपयोग करते हुए प्रस्तुत किया।

ख) केंद्रीय परियोजना निगरानी इकाई, नेवा से विशेषज्ञों की एक टीम को उत्तर प्रदेश विधान सभा को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए 19-27 मई, 2022 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा का दौरा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था ताकि वे नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके विधान सभा के बजट सत्र को चलाने में सक्षम हो सकें।

ग) टीम ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के सभी सदस्यों को उनकी सीटों पर स्थापित टैबलेट उपकरणों पर नेवा ईबुक के उपयोग और सदन के अंदर नेवा का उपयोग करके कार्यसंचालन के संबंध में प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

**2. उत्तर प्रदेश विधान परिषद में प्रशिक्षण कार्यशाला :**

क) सीपीएमयू, नेवा के तीन अधिकारियों की एक टीम को 3 दिनों के लिए (09 से 11 मई, 2022 तक) उत्तर प्रदेश विधान परिषद का दौरा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था ताकि विधानमंडल/एनआईसी/सरकारी विभागों के अधिकारियों को नेवा के विभिन्न मॉड्यूल्स से परिचित कराया जा सके। कार्यशाला में नेवा के मॉड्यूल्स के बारे में परिषद के अधिकारियों शंकाओं का समाधान करना भी शामिल था।

3. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला** :

क) सिक्किम विधान सभा के लिए सीपीएमयू, नेवा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 4 दिवसीय (17 -20 मई 2022) ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी। सिक्किम विधान सभा के विभिन्न अधिकारियों को नेवा सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल्स का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए नेवा सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया।

ख) विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अधिकारियों को नेवा सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल्स और नेवा एप्लिकेशन की नई विशेषताओं को समझने में मदद करने के लिए सीपीएमयू, नेवा

की तकनीकी टीम द्वारा टेलीफोन/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

4. समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर :

जम्मू और कश्मीर विधान सभा ने 25 मई, 2022 को संसदीय कार्य मंत्रालय के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो सदन के अंदर डिजिटलीकरण के लिए नेवा को अपनाने वाला देश का 21वां सदन बन गया।

5. दिनांक 30.05.2022 से 05.06.2022 तक संसदीय कार्य मंत्रालय में आजादी के अमृत महोत्सव का प्रतिष्ठित साप्ताहिक समारोह मनाया गया।

I. हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, शिमला (हिमाचल प्रदेश) ने विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के लिए 16वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के तहत प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान 30 मई, 2022 को युवा संसद की बैठक का आयोजन किया।

II. 31 मई, 2022 को संसदीय कार्य मंत्रालय में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रसार दिवस के रूप में मनाया गया। मंत्रालय के सभी कर्मचारियों ने युवा संसद के वीडियो ट्यूटोरियल को देखा और ट्यूटोरियल का अधिकतम प्रचार करने के लिए अपने दोस्तों और परिवार के बीच वीडियो ट्यूटोरियल का लिंक साझा किया।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले।
-शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित "अभियोजन की मंजूरी" के मामलों की संख्या।
-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन रहा।
-शून्य-

5. चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)।
- गतिविधियां चल रही हैं और उनकी निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति।
- इस मंत्रालय के अधीन कोई स्वायत्त निकाय नहीं हैं।

7. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल के उपयोग तथा शासन और विकास में अनुप्रयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी।
- लागू नहीं।

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति।
- मंत्रालय में सभी वरिष्ठ स्तर के पद वर्तमान में भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

*****

**अनुबंध**

**मई, 2022 माह में आयोजित परामर्शदात्री समितियों की बैठकों की सूची**

| **क्र.सं.** | **दिन, तारीख और समय** | **मंत्रालय** | **विषय** | **स्थान / टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शुक्रवार, 6 मई 2022 सुबह 10:30 बजे | इस्पात | ग्रीन स्टील | ताजथेयोग रिसॉर्ट, शिमला, हिमाचल प्रदेश |
| 2. | मंगलवार, 24 मई 2022 सुबह 9:30 बजे | आवासन और शहरी कार्य | स्मार्ट सिटीज | अहमदाबाद, गुजरात **स्थगित** |
| 3. | गुरुवार, 26 मई 2022 दोपहर 12:00 बजे | ऊर्जा तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा | जल विद्युत परियोजना के लिए सामाजिक पहुंच | टिहरी (उत्तराखंड) |

**उन संसद सदस्यों का विवरण जिनके नामों को उनकी मृत्यु/त्यागपत्र/सेवानिवृत्ति के पश्चात मई, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से हटाया गया**

| **क्र.सं.** | **सांसदों का नाम** | **सीसी का नाम जिसमें वे नामांकित हैं** | **कारण** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुभाष चंद्र सिंह, संसद सदस्य (राज्य सभा) | उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय | 11.05. 2022 को त्यागपत्र दिया |
| 2. | श्री संभाजी छत्रपति, संसद सदस्य (राज्य सभा) | इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संचार मंत्रालय | 24.05.2022 को सेवानिवृत्त |
| 3. | डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, संसद सदस्य (राज्य सभा) | विधि और न्याय मंत्रालय | 30.05.2022 को सेवानिवृत्त |
| 4. | डॉ नरेंद्र जाधव, संसद सदस्य (राज्य सभा) | विदेश मंत्रालय | 30.05.2022 को सेवानिवृत्त |
| 5. | श्री सुरेश गोपी, संसद सदस्य (राज्य सभा) | जनजातीय कार्य मंत्रालय | 30.05.2022 को सेवानिवृत्त |
| 6. | श्रीमती एम.सी. मैरी कॉम, संसद सदस्य (राज्य सभा) | उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय | 30.05.2022 को सेवानिवृत्त |
| 7. | श्रीमती रूपा गांगुली, संसद सदस्य (राज्य सभा) | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | 30.05.2022 को सेवानिवृत्त |
| 8. | श्री स्वपन दास गुप्ता, संसद सदस्य (राज्य सभा) | संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय | 30.05.2022 को सेवानिवृत्त |